तापमान

अधिकतम 43 .4 डिग्री

न्यूनतम 20 .7 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026



11 आप प्रदेश अध्यक्ष बोले जनता सरकार से तंग...





12 सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया पर्यावरण संरक्षण ...




# भाजपा ने सभी 22 और कांग्रेस ने 18 वार्डों के प्रत्याशी घोषित किए, इनेलो ने आनंद खत्री को मेयर पद के लिए मैदान में उतारा

## कांग्रेस आज कर सकती है बाकी वार्डों के प्रत्याशियों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत नगर निगम चुनाव के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों ने अपने पार्षद पद के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से विचार-विमर्श के बाद सभी 22 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। वहीं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भी पार्टी मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद की मंजूरी के बाद 18 उम्मीदवारों का ऐलान किया। भाजपा ने जहां सभी वार्डों पर अपने पत्ते खोल दिए हैं वहीं कांग्रेस ने कुछ वार्डों में फिलहाल प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किए हैं। इनेलो व जजपा की सूची का अभी इंतजार है।

### भाजपा-कांग्रेस आमने सामने

**भाजपा**

| वार्ड | प्रत्याशी |
|---|---|
| 1 | हरिप्रकाश सैनी |
| 2 | मुकेश बामणिया |
| 3 | सुरेन्द्र मदान |
| 4 | त्रिभुवन कौशिक |
| 5 | रीना सैनी |
| 6 | निशा |
| 7 | मुनीराम ठोलेदार |
| 8 | कुणाल कौशिक |
| 9 | मीना |
| 10 | संजय ठेकेदार |
| 11 | संगीता सैनी |
| 12 | साधना तनेजा |
| 13 | महेश लूथरा |
| 14 | किरण चान्दना |
| 15 | संजीव वलेचा |
| 16 | नवीन मंगला |
| 17 | सुनीता |
| 18 | सुनीता राठी |
| 19 | अनिल ठाकुर |
| 20 | राजकुमार शर्मा |
| 21 | सुमन लाकड़ा |
| 22 | सतपाल कटारिया |

**कांग्रेस**

| वार्ड | प्रत्याशी |
|---|---|
| 1 | जय कुमार |
| 2 | पवन मेहरा |
| 3 | अनुज छाबड़ा |
| 5 | बिंदिया चोपड़ा |
| 6 | सोनिया |
| 9 | आशा रानी |
| 10 | सतपाल कश्यप |
| 11 | कविता सैनी |
| 12 | अंजलि |
| 13 | दीपक चावला |
| 14 | रीतिका गलगट |
| 15 | संतोष शर्मा |
| 16 | अनुराग जैन |
| 17 | राजेश कालूपुर |
| 18 | सोनम |
| 19 | राजेश मलिक |
| 20 | देवेन्द्र सिंह |
| 21 | दीपमाला |

नोट : पार्टी ने वार्ड 4, 7, 8 और 22 के लिए अभी उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया है।

## इनेलो कार्यकर्ताओं ने आनंद खत्री का स्वागत किया



इनेलो के मेयर उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए एडवोकेट आनंद खत्री को सोनीपत नगर निगम चुनाव के लिए मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है। पार्टी द्वारा टिकट की घोषणा पर जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों ने आनंद खत्री का स्वागत किया। इस दौरान वार्ड 6 से पूनम रोहिल्ला ने भाजपा छोड़कर इनेलो पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व एसपी अनुप दहिया, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण मलिक, करण चहल, सुरेश त्यागी, प्रदेश सचिव भूपेंद्र मलिक बलवान नंबरदार, सरधर्म सरोहा, विजेंद्र शेखपुरा, राजेश पलड़ी, सतपाल गोयल, बबलू नांदल, आनंद शर्मा, राकेश जैन, आकाश पालीवाल, मनीष जैन, बलजीत नैन, बैयराज दहिया, नाहना करेवड़ी आदि मौजूद रहे।

## राजीव जैन ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर लिया फार्म बी, आज भरेंगे पर्चा



भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले शक्ति प्रदर्शन करते हुए यात्रा निकाली जाएगी। जोकि पुरखास अड्डा कार्यालय से शुरू होकर गीता भवन, मामा भांजा चौक, तिरंगा चौक से होते हुए लघु सचिवालय तक जाएगी। राजीव जैन के नामांकन यात्रा में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष के अलावा विधायकों के शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज से राजीव जैन ने मेयर टिकट का फॉर्म बी लिया।

## सुबह चुनाव न लड़ने की चर्चा, शाम को दीवान बोले- हम एकजुट मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगे

**सोनीपत।** कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान को लेकर गुरुवार को दिनभर सियासी माहौल गर्म रहा। सुबह से ही यह चर्चा फैल गई कि कमल दिवान ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। बताया जा रहा था कि कुछ पार्षद प्रत्याशियों के नामों को लेकर वह नाराज हैं, जिसके चलते उन्होंने चुनाव से पीछे हटने का निर्णय लिया है। हालांकि, देर शाम कमल दिवान ने पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार के साथ प्रेस वार्ता कर इन सभी खबरों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न तो उन्होंने कोई प्रेस नोट जारी किया है और न ही ऐसा कोई बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अफवाह भाजपा द्वारा फैलाई गई है। दिनभर सोशल मीडिया पर इस तरह की कई पोस्ट वायरल होती रहीं, जिनमें उनके चुनाव न लड़ने और पार्षद टिकटों को लेकर नाराजगी जताने की बातें कही गईं। कुछ पोस्ट में सुरेंद्र पंवार के साथ मतभेद की बात भी कही गई थी। हालांकि, दोनों नेताओं ने इसे पूरी तरह निराधार बताया।



### कमल बोले- पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार बड़े भाई

प्रेस वार्ता में कमल दिवान ने कहा कि भाजपा चुनाव के समय दुष्प्रचार का सहारा लेती है। कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर विपक्ष झूठी खबरें फैला रहा है। उन्होंने सुरेंद्र पंवार को बड़े भाई समान बताते हुए कहा कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है। सुरेंद्र पंवार ने भी कहा कि सभी नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कमल दिवान ने बताया कि पार्षद प्रत्याशियों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती गई है और पुलिस वेरिफिकेशन व बैकग्राउंड जांच के बाद ही टिकट दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देते हुए करीब 10 महिलाओं को भी टिकट दिया है।उन्होंने नगर निगम में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों के निलंबन और बुनियादी समस्याएं भाजपा शासन की विफलता को दर्शाती हैं। कांग्रेस ने पार्षद पद के लिए अधिकतर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन वार्ड नंबर 4, 7, 8 और 22 के लिए अभी नाम तय नहीं किए गए हैं।

## अब दो दिन शेष, होंगे 50 से अधिक नामांकन

नगर निगम मेयर और पार्षद चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। बृहस्पतिवार को नगर निगम में केवल दो नामांकन पत्र जमा हुए, दोनों ही पार्षद पद के लिए हैं। वार्ड नंबर 4 से निर्दलीय प्रत्याशी कमलेश सैनी ने नामांकन दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि कमलेश सैनी एक दिन पहले मेयर पद के लिए भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन कर चुके हैं। इसके अलावा, वार्ड नंबर 22 से निर्दलीय प्रत्याशी फिरोज खान ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन प्रक्रिया के लिए अब केवल दो दिन शेष हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि अंतिम दिनों में नामांकन की संख्या तेजी से बढ़ेगी। अनुमान है कि इन दो दिनों में 50 से अधिक नामांकन दाखिल हो सकते हैं, जिनमें से करीब 44 नामांकन कांग्रेस और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के होने की संभावना है।

## पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक लेंगे तैयारियों का जायजा

पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक हामिद अख्तर आज को सोनीपत पहुंचेंगे और चुनाव से जुड़ी कानून-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे पूरे चुनाव के दौरान जिले में शांति और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सक्रिय रहेंगे। उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण, अवैध नकदी, शराब वितरण और हथियारों की आवाजाही पर निगरानी रखना शामिल है। चुनाव पर्यवेक्षक आम जनता, उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से मिलने वाली शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएंगे और कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। वे सीधे हरियाणा राज्य चुनाव आयोग को रिपोर्ट करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर पर्यवेक्षक अधिकतम मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे।

## चुनावों को लेकर पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

**सोनीपत।** महापौर, नगर निगम पार्षद चुनाव और पंचायती राज उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क हो गई है। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने रात के समय शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रात्रि गश्त के दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख नाकों का निरीक्षण किया और वहां तैनात पुलिस कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा वाहनों की प्रभावी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को सख्ती से रोका जाएगा। सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पुलिस उपायुक्त भी मौजूद रहे।



### खबर संक्षेप

## ऑटो चालक से मारपीट चार युवकों पर केस दर्ज

**खरखौदा।** शहर के थाना कलां मार्ग पर देर रात ऑटो चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राकेश उर्फ मोनू, निवासी गांव बरोणा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे सोनीपत से अपने घर ऑटो में लौट रहा था। जब वह खरखौदा के सरकारी अस्पताल के पास पहुंचा, तो काले रंग की कार में सवार चार युवकों ने उसे रुकने का इशारा किया। ऑटो न रोकने पर आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और गाड़ी से उतरकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए।

## गढ़ी सराय नामदार खां से दो बच्चे लापता

**गोहाना।** शहर से सटे गांव गढ़ी सराय नामदार खां से दो बच्चे अचानक लापता हो गए। दोनों की उम्र करीब सात-सात वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन शुरुआती प्रयासों के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। गुडिया पत्नी शमशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सात वर्षीय बेटा अंशु और पड़ोस में रहने वाले राजू का सात वर्षीय बेटा अर्जुन सोमवार शाम को बिना बताए घर से कहीं चले गए। देर रात तक दोनों बच्चे वापस नहीं लौटे, जिसके बाद परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी तलाश शुरू की।मंगलवार को परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और बच्चों के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। ग्रामीण अपने स्तर पर बच्चों की तलाश कर रहे है।

## राठधना में निजी कंपनी की भूमि पर कब्जे का प्रयास

■ आरोपियों ने विरोध करने पर कर्मचारी को धमकाया

**सोनीपत ।** गांव राठधना क्षेत्र में निजी कंपनी की जमीन पर कब्जे की कोशिश और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक्सप्रेस प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक संजय जैन ने सेक्टर-27 थाना में दी शिकायत में बताया कि कंपनी की जमीन गांव राठधना के पास स्थित है। मंगलवार शाम करीब 6 बजे कंपनी के कर्मचारी संतोष कुमार ने सूचना दी कि अशोक सरोहा अपने दो साथियों के साथ ट्रैक्टर से खेत की मेड़ (डोल) तोड़ने का प्रयास कर रहा है। जब कर्मचारी संतोष कुमार मौके पर पहुंचा और विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रबंधन का कहना है कि इस मामले में पहले भी शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब दोबारा शिकायत दर्ज कर कंपनी ने जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





■ अधिकारी बोले- पहले भी शिकायत दी, नहीं हुई कार्रवाई

### मिशन एडमिशन : उच्चतर शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देश जारी

## सात से शुरू होगा यूजी में दाखिलों के लिए पंजीकरण कॉलेजों को कल तक प्रोफाइल अपडेट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ जिले में 23 कॉलेजों में 13562 सीटें, 7170 सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित

हरियाणा बोर्ड और सीबीएसई के 12वीं परिणाम से पहले ही जिले के कॉलेजों में सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष (यूजी) में दाखिले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने सभी राजकीय व मान्यता प्राप्त कॉलेजों को 25 अप्रैल तक एडमिशन पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि दाखिला प्रक्रिया समय पर और सुचारु रूप से शुरू हो सके। बीए, बीकॉम और बीएससी जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 7 मई से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे, जो 31 मई तक जारी रहेगा। इस वर्ष भी दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से होगी।




**सोनीपत।** सेक्टर-12 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय।

जिले में 23 राजकीय, निजी और एडिड कॉलेज संचालित हैं, जिनमें 9 कन्या कॉलेज शामिल हैं। पिछले वर्ष 13,562 सीटों पर दाखिले हुए थे, जिनमें से 7,170 सीटें छात्राओं के लिए निर्धारित थीं। इस बार दाखिला प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू होगी।कॉलेज प्रबंधकों को पोर्टल पर यूजी कोर्स, फीस स्ट्रक्चर, विषय समूह, सीटों की संख्या, नोडल अधिकारी व बैंक संबंधी जानकारी अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। निर्धारित समय सीमा में जानकारी अपडेट न करने वाले संस्थानों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।वहीं विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कॉलेजों में सहायता केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, जहां आवेदन प्रक्रिया में मदद दी जाएगी। विद्यार्थियों को आवेदन के समय परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज तैयार रखने होंगे।

### विवरण पोर्टल पर अपलोड करेंगे

कॉलेजों में 25 अप्रैल तक सीटों की संख्या, फीस व विषयों का पूरा विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कॉलेज में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया पारदर्शी रहे, विद्यार्थियों को आवेदन में कोई असुविधा न हो, इसकी प्राथमिकता रहेगी। विद्यार्थी भी कॉलेजों व विषयों का चयन सावधानीपूर्वक करें।

-**डॉ. सीमा गर्ग**, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



जानकारी
शिखर चंद जैन

# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

### विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।





### उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

### मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

### सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

---

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना



एआई इमेज



प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *





**किताब:** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन:** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202



1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?

**बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

---

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



एआई इमेज

लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'


'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

---

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव



एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

---

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### शिव पार्क के निकट अज्ञात का शव मिला

**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित शिव पार्क के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष प्रतीत हो रही है। प्रथम दृष्टया व्यक्ति नशे का आदी लग रहा है, हालांकि शरीर पर किसी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मौके पर पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

### दो मामलों में किशोर और युवक लापता

**गन्नौर ।** गांव खेड़ी गुज्जर से दो अलग-अलग मामलों में एक नाबालिग व एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों के स्वजन ने थाना गन्नौर में अलग-अलग शिकायत दी हैं। पहले मामले में आर्यन ने बताया कि उसका छोटा भाई 16 वर्षीय अक्षित सुबह करीब 10 बजे घर से बिना बताए चला गया। वहीं दूसरे मामले में जय भगवान निवासी खेड़ी गुज्जर ने बताया कि उसका पुत्र राहुल 20 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बज कर 30 मिनट पर अपनी बाइक पर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

### जब्त 305 बोतल व 104 पेटी पव्वा शराब की नष्ट

**गन्नौर।** थाना गन्नौर में वर्ष 2022 से 2024 तक विभिन्न मामलों में जब्त अवैध शराब को अदालत के आदेशानुसार नष्ट किया गया। कमेटी की मौजूदगी में यह पूरी प्रक्रिया हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट हरिओम शर्मा, चीफ इंजीनियर शुगर मिल, एसीपी गन्नौर ऋषिकांत व गन्नौर थाना प्रभारी बीर सिंह की निगरानी में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शराब को नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2022, 2023 व 2024 के कुल 11 मुकदमों से संबंधित विभिन्न ब्रांड की करीब 305 बोतल शराब और 104 पेटी पव्वा नष्ट किया गया।

### नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध सर्वोतम आहार

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव नगर स्थित आंगनवाड़ी में महिलाओं एवं बच्चों के लिए पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला देवी ने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं को उनके नवजात शिशुओं के शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक विकास के लिए मां का दूध ही सर्वोतम आहार होता है। इसलिए महिलाओं को नवजात शिशुओं को 6 महीने तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। महिलाएं अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें।

### किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन बारे जागरूक करें

**गोहाना।** उप कृषि निदेशक सोनीपत डॉ. प्रवीन गुलिया ने गुरुवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने की। डॉ. प्रवीन गुलिया ने कहा कि खेतों में गेहूं की फसल की कटाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। विभागीय अधिकारी गांवों में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन बारे जागरूक करें। अगर कोई किसान फसल अवशेष (गेहूं के फाने) जलाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## राजकीय महिला कॉलेज में अंतिम वर्ष की छात्राओं को दी भावभीनी विदाई

# दीपिका को मिस स्टाइलिश व एमकॉम की नीतू को मिस स्माइल का खिताब

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं से सजा समारोह, विजेताओं को किया सम्मानित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में गुरुवार को स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन डॉ. सुभाष सिसोदिया के दिशानिर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में बीए, बीकॉम, एमकॉम व एमए की सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में समूह नृत्य, गायन और काव्य पाठ ने सभी का मन मोह लिया। जानवी एवं दीपिका सहित कई सीनियर छात्राओं ने महाविद्यालय से जुड़े अपने अनुभव और संस्मरण साझा किए।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निर्णायक मंडल में डॉ वंदना नाशा, पूनम तोमर और डॉ मीनाक्षी ने अपनी भूमिका निभाई। परिणामों के अनुसार बीए फाइनल की तनीषा को मिस फेयरवेल, हर्षिता को मिस ब्यूटीफुल, जाह्नवी को मिस टैलेंटेड, बीए भूगोल की दीपिका को मिस स्टाइलिश तथा एमकॉम की नीतू को मिस स्माइल का खिताब प्रदान किया गया। विजेताओं को प्राचार्य द्वारा मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ने छात्राओं को जीवन में शिक्षा के साथ मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान डॉ नवीन वशिष्ठ, डॉ सतीश मलिक, डॉ सुनील पवार, डॉ अमिता सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में पदक विजेता खिलाड़ी के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** हाल ही में रोहतक में आयोजित सीनियर स्टेट वुडबॉल प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता 18 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसमें कॉलेज की पाँच छात्राओं अंशुल, प्रिया, भूमिका, निक्की और हिमांशी ने भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या गीता ने विजेता छात्राओं का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ सुमन मान ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सभी छात्राओं का चयन नेशनल चैम्पियनशिप के लिए हुआ है, जो मई माह में रायपुर में आयोजित की जाएगी। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भोगीपुर में बनेगा आंबेडकर भवन

- गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान : कादियान



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान नारियल फोड़कर भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

भोगीपुर गांव में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर भवन का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि नारियल फोड़कर भवन निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत की ओर से पेयजल सप्लाई परियोजना का भी शुभारंभ किया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम से पहले गांव पहुंचने पर सरपंच सावन कुमार और ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला से स्वागत किया। गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर भवन बनने से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से अंबेडकर भवन की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इससे गांव में सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, सावन सरपंच आदि मौजूद रहे।

## गोसंरक्षण परंपरा का अभिन्न हिस्सा : गहलावत

- गोशालाओं को विधायक ने लाखों की सहायता राशि के चेक सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। विधायक कृष्णा गहलावत गोशालाओं को चेक वितरित करते हुए साथ में भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल। फोटो :हरिभूमि

विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हल्के में गो संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गौशालाओं को सरकार की ओर से लाखों रुपए की आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई। जिससे गौशालाओं के संचालन और विकास कार्यों को गति मिलेगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने बाबा कालीनाथ गौशाला मुरथल को 12 लाख 36 हजार 480 रुपये का चेक प्रदान किया । वहीं यशोदानंदन श्रीकृष्ण गोपाल सेवा समिति, कुमासपुर को 2 लाख 62 हजार 200 रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके अलावा श्री जयराम पंचायती गौशाला, जखोली को 19 लाख 9 हजार का चेक वितरित किया गया। गौशाला संचालकों और पदाधिकारियों ने सरकार और विधायक का आभार व्यक्त करते कहा कि आर्थिक सहायता से गौशालाओं के रखरखाव, चारे-पानी की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। सरकार गौशालाओं के विकास और बेहतर संचालन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि गौशालाओं में रहने वाले गोवंश के पालन-पोषण, चारे-पानी और चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। विधायक ने गौशाला संचालकों से अपील की कि वे पारदर्शिता और समर्पण के साथ सेवा कार्य को आगे बढ़ाएं।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर विद्यमानः आचार्य

**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत के सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव के चौथे दिवस का आयोजन संस्था प्रधान ज्ञानेश्वर त्यागी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में आचार्य जयेन्द्र आर्य, गुरुकुल नोएडा के ब्रह्मत्व में वैदिक विधि से कार्यक्रम संपन्न हुआ। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम ने वेद वाणी का पाठ किया तथा मंच का कुशल संचालन किया। यज्ञ के उपरांत बरेली से आमंत्रित संगीत रत्न आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री ने ईश्वर भक्ति, सामाजिक, पारिवारिक और देशभक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती से जुड़े गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके बाद मुख्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य जयेन्द्र आर्य ने प्रवचन देते हुए कहा कि परमेश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान है और वह सर्वव्यापक व निराकार है। उन्होंने कहा कि मनुष्य शुद्ध अंतःकरण के माध्यम से ही ईश्वर की अनुभूति कर सकता है। समारोह में महेश जुनेजा, मधु आर्या, हरि चन्द स्नेही, सुमन भगत, गीता सहगल, प्रमोद मल्होत्रा, सविता मल्होत्रा, सतीश रेलन, ऊषा सपरा, विनोद सहगल सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



गोहाना। भू-स्वामी और किसानों के साथ चर्चा करते हुए अधिकारी।

### जल्द दुरुस्त होगी किसानों की आपत्तियां : एसडीएम

**गोहाना।** उपमंडलीय परिसर गोहाना में सिवानी-सोनीपत पावरग्रिड ट्रांसमिशन लाइन के लिए मार्केट रेट कमेटी के अध्यक्ष के रूप में एसडीएम गोहाना अंकित कुमार एवं कमेटी सदस्य एसडीएम खरखौदा अमित की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव आंवली, बिलबिलान, गुहणा, भैंसवाल कलां, मोहाना और जाजी के भू-स्वामियों/किसानों के प्रतिनिधियों के भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, तकनीकी समस्याओं संबंधी दावें एवं आपत्तियों को सुनते हुए आश्वसत किया गया कि किसी भी भू-स्वामी/किसान के साथ अन्याय नहीं होगा। भू-स्वामी/किसानों की ट्रांसमिशन लाइन भूमि-अधिग्रहण संबंधी समस्याओं का हल निकाला जाएगा। बैठक में भू-स्वामियों/किसानों के प्रतिनिधियों के दावें/आपत्तियों पर पावरग्रिड तथा एचवीपीएनएल अधिकारियों के सुझाव पर चर्चा की गई। इस दिशा में मार्किट रेट कमेटी द्वारा भूमि मूल्य निर्धारक भी नियुक्त करने की दिशा में सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई हैं। तहसीलदार सोनीपत ललिता, तहसीलदार गोहाना शिखा, इंजीनियर त्रिलोकी कन्नौजिया, गांव गुहणा से नरेंद्र गहलावत, मोहाना से पवन कुमार, राजबीर, बिलबिलान से बसंत कुमार आदि मौजूद रहे।

## 'पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी'

- भगत फूल सिंह महिला विवि में कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। डॉ. अनिल बल्हारा का स्वागत करते प्रो. सुनील सांगवान व डॉ. शीला मलिक।

भगत फूल सिंह महिला विवि में महिला वैज्ञानिक नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ के सहयोग से डेवलपमेंट ऑफ साइंटिफिक लीडरशिप इन वीमेन थ्रू एडवांस्ड मैटेरियल्स रिसर्च एंड कैरेक्टराइजेशन विषय पर आयोजित यह कार्यशाला 24 अप्रैल तक चलेगी। कार्यशाला में नेशनल फिजिक्स लेबोरेटरी दिल्ली के साइंटिस्ट डॉ. परवीन सैनी ने सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट वाया साइंटिफिक इंटरवेंशंस एंड इंडिविजुअल सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी विषय पर अपने विचार रखते कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना और प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी निभाना अत्यंत आवश्यक है। दूसरे सत्र में मिरांडा हाउस नई दिल्ली की सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुष्का पाल ने होलिस्टिक वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर बोलते कचरा प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



गन्नौर। एनसीसी के प्रति जागरूक ओरिएंटेशन कार्यक्रम भाग लेते छात्र।

### विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए किया प्रेरित

**गन्नौर।** आरपीएस विद्यालय में विद्यार्थियों को एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स की प्रभावशाली ड्रिल से हुई। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अतिरिक्त एक पीपीटी प्रस्तुति के जरिए एनसीसी के उद्देश्य, प्रशिक्षण प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और इससे जुड़े लाभों को विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना विकसित करने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी से जुड़कर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया।

## कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेजाबी की

# दमकल कर्मियों ने 26 तक बढ़ाई हड़ताल

**विधायकों के कार्यालय में पहुंच सौंपे ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विधायक निखिल मदान के कार्यालय पर मांगपत्र सौंपते।

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर दमकल कर्मचारियों की राज्यव्यापी हड़ताल 16वें दिन जारी रही। नगर निगम कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे दमकल व नगर निगम सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेजाबी की। हड़ताल की अध्यक्षता राज्य उप प्रधान एवं जिला प्रधान राजीव खत्री, संचालन जिला सचिव अमित दहिया ने किया। कर्मचारियों को 26 अप्रैल तक हड़ताल बढ़ाने का निर्णय लिया। साथ ही सरकार से मांगों का जल्द समाधान करने की मांग की। इसके बाद दमकल कर्मियों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सहित सभी विधायकों के कार्यालयों पर मौजूद प्रतिनिधियों को यूनियन की ओर से मांगपत्र सौंपा गया। कर्मचारी गोहाना के विधायक एवं सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा, सोनीपत विधायक निखिल मदान, राई विधायक कृष्णा गहलावत, खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा, बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल, गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान को ज्ञापन देने उनके कार्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने कहा कि अगर जल्द मांगों को स्वीकार नहीं किया गया, तो नपा कर्मचारी संघ हरियाणा समर्थन में 1-2 मई को दो दिवसीय हड़ताल करेगा। दमकल कर्मी अपनी हड़ताल को अनिश्चितकालीन में तब्दील करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान विशाल, राजेश बागड़ी, बबीता, फूल सिंह, राजेश, सोमपाल, होशियार, बबलू, अजीत, संदीप, बलराज, उमेश, यशेंद्र, विजय, पवन सैनी, विनोद, प्रदीप सैनी, सुनील, अजय, नितिन, राजपाल, नवीन मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस-भाजपा के गठजोड़ से जनता तंग : डॉ. सुशील



**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बीजेपी के पांच वर्षों के कुशासन से जनता पूरी तरह तंग आ चुकी है। पिछले चुनाव में कांग्रेस का मेयर चुना गया था, जो बाद में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गया और आज सोनीपत का बीजेपी विधायक है। इस कारण कांग्रेस को वोट देना मतलब सीधे बीजेपी को वोट देना है। आप प्रदेशाध्यक्ष बहालगढ़ रोड पर पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और बेरोजगारी जैसे जनहित के मुद्दों पर आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। जनता आम आदमी पार्टी की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रही है। नगर निगम में प्रॉपर्टी आईडी, हाउस टैक्स, सफाई, कूड़ा उठान आदि में भ्रष्टाचार की जमकर लूट मची है। जनता ने पिछले पांच वर्षों में यह सब भुगता है।



### कोहाड़ खाप के प्रधान ने घायल युवक का जाना हाल

**सोनीपत।** गांव बड़वासनी में बंदरों के हमले से घायल हुए युवक विवेक से मिलने गुरुवार को कोहाड़ खाप के प्रधान उमेद सिंह कोहाड़ गांव पहुंचे। उन्होंने बंदर के हमले में घायल विवेक का हालचाल जाना और उसके परिजनों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए नाराजगी जाहिर की। उमेद सिंह ने कहा कि ग्रामीण इस समस्या को लेकर पहले ही उपायुक्त को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा बंदर पकड़ने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन इन दावों पर संदेह बना हुआ है। उनका कहना था कि जब तक एक-एक उत्पाती बंदर को नहीं पकड़ा जाता, तब तक ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकती है।

### वृक्षारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली



**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों और शिक्षकों ने वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत, पृथ्वी का जीवन में महत्व, पृथ्वी सुरक्षा, पृथ्वी बचाओ - जीवन बचाओ, स्वच्छ पृथ्वी - हरियाली युक्त पृथ्वी और स्वच्छ पर्यावरण विषयों पर पोस्टर बनाए गए। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सुभाषण, कविता, नाटक और अप्रत्याशित लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और हरित भविष्य जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को बचाना, हम सभी की जिम्मेदारी है और हमें रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए।

### बाबू कुंवर सिंह को शहादत दिवस पर किया नमन



**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित शहीद स्मारक पर आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा महान क्रांतिकारी बाबू कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता योग गुरु सुरेश पंचाल ने कहा बाबू कुंवर सिंह 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक थे जिनकी वीरता ने उन्हें अमर बना दिया। वे देशभक्ति और अदम्य साहस के प्रतीक थे। बाबू कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की आयु में भी अंग्रेजों को नाको चने चबुआ दिए थे। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा बाबू कुंवर सिंह ने बिहार के भोजपुरी क्षेत्र से विद्रोह की कमान संभाली और अंग्रेजों के खिलाफ गोरिल्ला युद्ध की नीति अपनाई। अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते गंगा नदी पार करते समय उनको गोली लग गई। उनकी वीरता और विजय के सम्मान में 23 अप्रैल को विजय उत्सव और शहादत दिवस मनाया जाता है।

### लाभार्थियों को पोषण पखवाड़ा की जानकारी दी



**खरखौदा।** शहर के वार्ड 6 के आंगनवाड़ी केंद्र में ब्लॉक स्तरीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर जोर देने वाले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पोषण मेले का आयोजन किया गया। पोषण, खेल, प्रारंभिक शिक्षा और मस्तिष्क विकास के बीच संबंध दर्शाने के लिए पोषण भी, पढ़ाई भी स्टॉल का कॉर्नर बनाया । सभी लाभार्थियों को पोषण पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी दी । वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेंद्र ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी और एचपीवी वैक्सीन के बारे में बताया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम रंगा द्वारा 6 माह की बेटी का अन्नप्राशन करवाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने भी पोषण संबंधी जानकारी दी। सभी उपस्थितों को पोषण शपथ दिलवाई गई।



### मेधावी विद्यार्थी 10 लाख रुपये की छात्रवृत्ति से सम्मानित

**सोनीपत।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित हुए कक्षा दसवीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय का नाम रोशन करते मोरिस ने 98 प्रतिशत अंकों से पहला स्थान, सानवी ने 97.6 प्रतिशत से दूसरा व निश्चय ने 96.4 प्रतिशत से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के चेयरमैन राकेश ने अपने संबोधन में बताया कि इस कार्यक्रम से पूर्व पिछले सत्र में विभिन क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले हर कक्षा के मेधावी बच्चों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की गई हैं और कुल मिलाकर अभी तक 10 लाख रुपये की छात्रवृत्तियां प्रदान की जा चुकी हैं।



### मंत्री के निजी सहायक ने सौंपा पांच लाख का चेक

**गोहाना।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सहायक सुनील शर्मा ने गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान को 5 लाख का चेक सौंपा। महिला कालेज के मीडिया प्रमुख प्रो. शमशेर भंडेरी ने बताया कि सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने निजी कोटे से वर्ष 2025 में महाविद्यालय को 5 लाख अनुदान देने की घोषणा की थी। उस दौरान वे महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। मंत्री द्वारा अनुदित राशि कालेज में वाटर कूलर व स्टेज नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों पर खर्च होगी। गुरुवार को मंत्री के निजी सहायक सुनील शर्मा और मोहन ने कालेज पहुंचकर प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान को 5 लाख का चेक सौंपा। इस अवसर पर महिला महाविद्यालय उप प्राचार्य सतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

## 12वीं की परीक्षा के बाद 8877 विद्यार्थियों ने लौटाए टैबलेट, 12 छात्रों के गुम, एफआईआर दर्ज करवाकर छोड़ा

# 27,798 छात्रों में से 20 प्रतिशत ने छेड़छाड़ कर यूटयूब और गेम चलाए, नहीं की पढ़ाई

- इस वर्ष 234 विद्यार्थियों ने टूटे हुए, तो 240 ने खराब हालत में जमा करवाए टैबलेट, 10 छात्रों ने अब तक वापस नहीं दिए टैबलेट
- निदेशालय के निर्देश के बावजूद 100 प्रतिशत विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई वाईफाई की सुविधा, 30 प्रतिशत विद्यालयों में अभाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ई-अधिगम योजना के तहत कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ही नहीं, बल्कि प्रधानाचार्य शिक्षकों, पीआरटी व एबीआरसी को जिले में कुल 33169 टैबलेट का वितरण किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के करीब 27798 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए थे। इस वर्ष 8877 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की परीक्षा देने के बाद विद्यालयों में वापस टैबलेट जमा करवाए हैं। विद्यालय प्रबंधकों ने कक्षा 10वीं में दाखिला पाने वाले 8996 विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया है। विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा होने पर स्टॉक से शेष बच्चों को टैबलेट मुहैया करवाए गए हैं। वहीं कोई विद्यार्थी टैबलेट से वंचित न रहे, इसके लिए विभाग के पास करीब 1341 एडवांस टैबलेट की व्यवस्था है, ताकि सभी को टैबलेट मिल सकें।

इसके अलावा 12वीं के करीब 10 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक अपने टैबलेट जमा नहीं करवाए हैं। विद्यालय प्रबंधकों को इन्हें जल्द टैबलेट जमा करवाने की सख्त हिदायत दी गई है। अन्यथा ऐसे विद्यार्थियों के समक्ष परीक्षा परिणाम के समय परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

> जिले में कुल 33,169 टैबलेट का वितरण किया गया

> 12वीं के करीब 10 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने टैबलेट जमा नहीं करवाए

विद्यालय शिक्षा निदेशालय का प्रयास है कि ई-लर्निंग योजना के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाई जाए। इसके लिए राजकीय विद्यालयों की कक्षा 10 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए टैबलेट पर शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। जिले में करीब 4 वर्ष से चली आ रही प्रक्रिया के अनुसार कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद टैबलेट को विद्यालय में जमा करवाने का नियम बनाया गया है। हर वर्ष कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से परीक्षा के बाद टैबलेट लेने के बाद कक्षा 10वीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को यह टैबलेट मुहैया करवाए जाते हैं। यदि कोई विद्यार्थी 12वीं कक्षा में फेल हो जाता है और विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा होता है, तो उन्हें विभाग के स्टॉक से टैबलेट मुहैया करवाया जाता है। शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए मुहैया करवाए गए टैबलेट में इस वर्ष भी छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। कुछ विद्यालय प्रबंधकों की मानें तो उनके विद्यालयों के करीब 20 प्रतिशत ऐसे विद्यार्थी मिले, जिन्होंने टैबलेट से छेड़छाड़ कर दुरुपयोग किया है।

रइन विद्यार्थियों के टैबलेट पर शैक्षिक सामेग्री डिलीट कर यूटयूब एप्लीकेशन का प्रयोग किया गया है। कुछ विद्यार्थी के टैबलेट पर गेम एप्लीकेशन डाउनलोड भी पाई गई हैं। हालांकि विभाग की ओर से ऐसे विद्यार्थियों पर कोई जुर्माना व दंडनीय कदम नहीं उठाया गया है।

### 35 प्रतिशत टैबलेट की बैटरियां खराब होने की स्थिति में

शिक्षकों की मानें तो जिले में वितरित किए गए कुल टैबलेट में से करीब 35 प्रतिशत विद्यार्थियों के टैबलेट की अवधि 3 वर्ष की लिमिट अवधि पूरी होने के चलते इनकी बैटरियां खराब होने की स्थिति में हैं। इन्हें दुरुस्त करवाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमएसआई) पोर्टल पर करंट टैब स्टेटस नाम का मॉड्यूल डेवल्प कर जनवरी माह में रिपोर्ट मांगी गई थी। विभाग के मार्फत सभी राजकीय विद्यालय प्रबंधकों ने अपने-अपने स्कूल का टैबलेट संबंधी डाटा पोर्टल पर दर्ज करवाया है।

### वर्ष 2023 में जिला प्रदेश में पा चुका अव्वल स्थान

शिक्षा अधिकारियों की मानें तो शिक्षकों व विद्यार्थियों को टैबलेट प्रयोग करने के लिए दिए गए प्रशिक्षण का फायदा मिलने लगा है। विद्यार्थी भी टैबलेट का प्रयोग करने में रुचि लेने लगे हैं। यही कारण है कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी वर्ष 2023 में टैबलेट का सबसे अधिक प्रयोग करने में प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त कर चुके हैं। उस दौरान टैबलेट प्रयोग करने की श्रेणी में पानीपत के विद्यार्थी दूसरे व जींद के विद्यार्थी तीसरे स्थान पर रहे थे। वहीं नूंह-मेवात प्रदेश में सबसे निचले पायदान पर आंके गए थे।

### जिले में टैबलेट की स्थिति

- कुल टैबलेट - 28725
- वितरित - 27798
- शेष - 927

बुनियादी टैब - 119
- वितरित - 105
- शेष - 14

शिक्षक टैब
- कुल टैब - 1487 + 472
- (पीजीटी) + 397(टीजीटी) = 2356
- वितरित 1487 + 336 + 197 = 2020
- शेष - 336

प्रधानाचार्य टैब - 212
- वितरित - 169
- शेष - 43
- पीआरटी/एबीआरसी टैब - 1757
- वितरित - 1736
- शेष - 21

### हर सप्ताह टैबलेट मॉनिटिरिंग का प्रावधान

शिक्षा विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों की ई-लर्निंग योजना के प्रति रुचि को बढ़ाना है। टैबलेट पर गृह कार्य देने व जांच करने सहित इसके प्रयोग को लेकर शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया गया है। विद्यालयों में हर सप्ताह टैबलेट मॉनिटिरिंग का प्रावधान भी रखा गया है।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### वापस मिले 474 टूटे हुए खराब हालत में , 12 चोरी

जिला शिक्षा विभाग को इस वर्ष विद्यार्थियों से 234 टूटे हुए टैबलेट वापस मिले हैं। इनके अलावा 240 टैबलेट खराब हालत में प्राप्त हुए हैं। इन्हें विभाग के कार्यालय में जमा कर विद्यार्थियों को दूसरे टैबलेट मुहैया करवाए गए हैं। इसके अलावा 12 विद्यार्थियों के पास से टैबलेट गुम हो चुके हैं। हालांकि इन विद्यार्थियों पर किसी प्रकार का जुर्माना नहीं लगाया गया है। विद्यालय प्रबंधकों ने विद्यार्थियों से गुम हुए टैबलेट की एफआईआर की कॉपी व अभिभावकों से पत्र लिखवाकर पोर्टल पर अपलोड करवाया है। दो शैक्षिणक सत्र पर नजर डालें तो जिले में 152 विद्यार्थियों के टैबलेट चोरी हो चुके हैं।

### 70 प्रतिशत विद्यालयों में ही वाईफाई की सुविधा

निदेशालय के निर्देश पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के टैबलेट चलाने के लिए वाईफाई की सुविधा लागू की गई थी। इसका खर्च विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से वहन किया जा रहा है। ऐसे में टैबलेट से चिप व सिम सिस्टम पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। जांच में सामने आया है कि केवल 70 प्रतिशत विद्यालय प्रबंधक ही अपने यहां वाई फाई की सुविधा पूरी कर पाए हैं, शेष 30 प्रतिशत विद्यालयों के विद्यार्थी अपने स्तर पर वाईफाई कनेक्ट करके नेट का प्रयोग कर रहे हैं। उधर घरों में गृह कार्यों के लिए विद्यार्थी अपने अभिभावकों के मोबाइल से वाईफाई की सुविधा से काम कर रहे हैं।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में किशोरी को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप लगे है। किशोरी की मां के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से यूपी के आगरा की रहने वाली महिला ने कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि कुंडली क्षेत्र में रहने वाले राज ने उनकी बेटी का यौन शोषण किया है। महिला का आरोप है कि जनवरी, 2025 से दिसंबर, 2025 तक उनकी 16 साल की बेटी के साथ राज ने शादी का झांसा देकर कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कन्या महाविद्यालय का नाम बदला

**खरखौदा।** 12 वीं पास छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में स्नातक और स्नातकोत्तर (यूजी,पीजी कोर्सो) की पढ़ाई सरकारी फीस पर प्राप्त करने का अवसर मिल सकता है। कन्या महाविद्यालय खरखौदा अब सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय के नाम के साथ सरकारी कॉलेजों की श्रेणी में आ गया है। रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर कन्या महाविद्यालय का नाम (जीसीजी खरखौदा)के नाम से दर्शाया गया है। क्षेत्र की छात्राएं अब सरकारी फीस पर वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026- 27 से अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर सकती हैं। स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 7 मई 2026 से शुरू हो रहे हैं।

## शहर में जाम नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: डीसीपी



**खरखौदा।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। डीसीपी नरेंद्र कादियान ने खरखौदा का दौरा कर हालात का जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। मौके पर जो वाहन अवैध रूप से खड़े थे उनके ऑनलाइन चालान काटे गए। दिल्ली चौक और आसपास के मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों और सड़कों पर फैली अव्यवस्था को देखकर डीसीपी कादियान नाराज हो गए। उन्होंने साफतौर पर कहा कि शहर में किसी भी सूरत में जाम की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसीपी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जाए और जो भी वाहन अवैध रूप से खड़े मिलें, उनके तुरंत चालान किए जाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन में पृथ्वी दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के प्रेरक विचारों और भाषणों से हुई, जिनमें पृथ्वी को बचाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने विषय आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पौधारोपण रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस दौरान छात्रों ने प्रकृति की रक्षा करने और पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने की शपथ भी ली। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा बहल ने



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम का समापन पृथ्वी की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

## गांव पांची जाटान के सरपंच बहाल

**गन्नौर।** ग्राम पंचायत पांची जाटान के सरपंच अशोक को देते हुए रोहतक मंडल आयुक्त ने उपायुक्त सोनीपत द्वारा 9 मार्च को जारी निलंबन आदेश को रद कर दिया है। रोहतक मंडल आयुक्त ने आदेश में कहा कि निलंबन की प्रक्रिया में सरपंच को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर नहीं दिया गया। सुनवाई के दौरान पाया कि सरपंच ने पंचायत का रिकार्ड पूर्व में ही संबंधित कार्यालय में जमा करवा दिया था। रिकार्ड उपलब्ध न कराने और अनियमितताओं के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा गया कि बिना ठोस साक्ष्य के कार्रवाई की गई। सरपंच की बहाली जांच के अंतिम परिणाम के आधीन रहेगी। सरपंच अशोक को 13 मार्च को विकास कार्यों में अनियमितताओं के आरोपों के चलते निलंबित किया गया था।

## विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने जाना साहित्यकार का महत्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वीरवार को शेक्सपीयर दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सुबह की प्रार्थना सभा से लेकर कक्षाओं तक अनेक रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से महान साहित्यकार विलियम शेक्सपियर के योगदान को याद किया। विद्यालय में छात्रों को विलियम शेक्सपियर के जीवन और उनके साहित्यिक योगदान के बारे में सरल तरीके से जानकारी दी गई, जिससे उन्हें अंग्रेजी साहित्य में उनके महत्व को समझने का अवसर मिला। कक्षा पांच के छात्रों ने स्लोगन क्राफ्ट गतिविधि में भाग लेते हुए शेक्सपियर के विचारों से प्रेरित नारे बनाए।

कक्षा चार के छात्रों ने बुकमार्क क्राफ्ट गतिविधि में उनके प्रसिद्ध नाटकों के नाम वाले आकर्षक बुकमार्क तैयार किए।

## ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी पूर्व मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**गोहाना।** गोहाना सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल की पूर्व छात्रा तमन्ना बत्रा ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाः 2026 (जेईई मेंस) में 94.99 परसेंटाइल हासिल करके अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया है। गुरुवार को स्कूल के एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने छात्रा को सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा 6 अप्रैल 2026 को जेईई मेंस परीक्षा आयोजित की गई थी। एनटीए द्वारा 21 अप्रैल को इसका परिणाम घोषित किया गया जिसमें तमन्ना ने 94.99 परसेंटाइल हासिल करके अपने स्कूल सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल के एमडी अनिल मलिक ने कहा कि तमन्ना की यह अभूतपूर्व उपलब्धि उनकी कठोर मेहनत, अटूट विश्वास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल है। तमन्ना ने बताया कि जेईई मेंस जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी के दौरान उनको कई बार चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन स्कूल ने उनका निरंतर मार्गदर्शन किया।



**गोहाना।** छात्रा तमन्ना को आशीर्वाद देते हुए एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों में रुचि विकसित करने के लिए मनाया पुस्तक दिवस

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में विश्व पुस्तक दिवस विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करने और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए मनाया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पुस्तकों का महत्व बताते हुए कहा कि किताबें हमारी सच्ची मित्र होती हैं, जो ज्ञान बढ़ाने के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्रों को मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकों पर विचार साझा किए। कुछ छात्रों ने पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं, तो कुछ ने महान वैज्ञानिकों और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की जीवनियों से सीख लेने की बात कही। विद्यालय पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जहां बच्चों ने विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अवलोकन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में नियमित रूप से पुस्तकालय काल आयोजित किया जाता है । विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने का संकल्प लिया।



## विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**गन्नौर।** जीटी रोड पर सुखदेव ढाबा के सामने गुरुनानक कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्या ने किया । इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जिससे परिसर को हराभरा बनाने का प्रयास किया गया। प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्या ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित और स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों और स्टाफ को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और दैनिक जीवन में छोटे-छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राजकीय महाविद्यालय बड़ौता के विशाल ने जीता कांस्य पदक



**गोहाना।** पदक विजेता विशाल को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

असम में सम्पन्न अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ी विशाल ने तीसरा स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक जीत लिया। गुरुवार को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पदक विजेता को सम्मानित किया गया। संयोजन शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुंडू का रहा। छात्र विशाल ने पहले मदिव, रोहतक में आयोजित अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। इसी आधार पर उनका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया था। विशाल ने खेलो इंडिया के लिए भी अपना स्थान पक्का किया है। समारोह में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार, डॉ. प्रदीप कुंडू, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सैलेश, लेफ्टिनेंट अनिल आदि मौजूद रहे।

### 30 जनवरी 2026 से लागू नई नीति के अनुसार मांगा मुआवजा

## हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित किसानों ने डीसी के सामने रखी अपनी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तत्वावधान में सोनीपत जिले में बिजली की उच्च वोल्टेज लाइनों से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जाजी गांव से आईएमटी खरखौदा तक जाने वाली हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की बिजली की उच्च वोल्टेज लाइनों से प्रभावित करीब 10 गांवों के किसानों ने अपनी मांगें रखीं। किसानों ने 30 जनवरी 2026 से लागू हरियाणा सरकार की नई मुआवजा नीति के तहत बाजार दर समिति बनाने की मांग की।



बैठक के दौरान जिला उपायुक्त ने किसानों की मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनके हितों का पूरा संरक्षण किया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने कहा कि सोनीपत जिले में बिजली की उच्च वोल्टेज लाइनों से प्रभावित करीब 40 गांवों के किसान एकजुट हैं, जिससे पावर ग्रिड प्रबंधन और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड पर किसानों का दबाव बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी 2026 को लागू नई नीति के तहत अब हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की उच्च वोल्टेज लाइनों को भी बाजार दर समिति से लाभ मिलने के प्रावधान शामिल किए गए हैं।